डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
उत्तर प्रदेश सरकार

प्रेषक,

**कुलसचिव**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

1– मा0 न्यायमूर्ति (से0नि0) श्री शैलेन्द्र सक्सेना, निवासी–एम0आई0जी0 ए0–3, सेक्टर–सी, अलीगंज, लखनऊ।
2– मा0 न्यायमूर्ति (से0नि0) श्री आलोक कुमार सिंह, निवासी–बी1/289, विक्रान्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3– अपर मुख्य सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0 शासन।
4– अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0 शासन।
5– प्रमुख सचिव/सचिव, व्यवसायिक शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन।
6– निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0, लखनऊ।
7– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0 प्र0, 5 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
8– सचिव, डा0 शकुन्तला मिश्रा स्मृति सेवा संस्थान, 17/9 विन्डसर पैलेस, योजना भवन के पीछे, लखनऊ।
9– प्रो0 असीम मुखर्जी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज–211 002
10– प्रो0 एन0 के0 तनेजा, पूर्व कुलपति, 606/3, मंगल पाण्डेय नगर, मेरठ– 250 007
11– डॉ0 गनपत सिंह कश्यप, निवासी–धामपुर, बिजनौर।
12– प्रो0 रवि शंकर सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
13– डॉ0 विनोद कुमार सिंह, आचार्य, अंग्रेजी, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
14– डॉ0 अश्वनी कुमार दुबे, आचार्य, राजनीतिशास्त्र, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांकः 2234/फा0सं0–36(सप्तम्)/डा.श.मि.रा.पु.वि./कार्य0परि0/2022–23 दिनाँकः 07 नवम्बर, 2022

**विषयः–** **डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 कार्य परिषद की 41वीं बैठक दिनांकः 07 नवम्बर, 2022 का कार्यवृत्त प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 कार्य परिषद की 41वीं बैठक दिनाँक 07 नवम्बर, 2022 के कार्यवृत्त की छायाप्रति प्रेषित किये जाने का निदेश हुआ है।

**संलग्न–** यथोपरि।

भवदीय,

(रोहित **सिंह**)
कुलसचिव

पृष्ठांकन **संख्या व दिनाँक** उपरोक्तानुसार।
**प्रतिलिपिः–** वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।

**(रोहित सिंह)**
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## की मा0 कार्य परिषद की 41वीं बैठक
## दिनाँकः 07 नवम्बर, 2022 का कार्यवृत्त

**समय–** अपराह्न 03:00 बजे
**स्थान–** पंचम तल स्थित सभागार,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 कार्य परिषद की 41वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा निवर्तमान कुलसचिव श्री अमित कुमार सिंह को उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिए धन्यवाद देते हुए विदाई की एवं वर्तमान कुलसचिव श्री रोहित सिंह का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई तथा उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| बिन्दु सं0 | <u>कार्यवाही</u> |
|---|---|
| 1/41 | **मा0 कार्य परिषद की 40वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।**<br><u>निर्णयः</u>– मा0 कार्य परिषद् की 40वीं बैठक दिनाँक 19 अगस्त, 2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/41 | **मा0 कार्य परिषद की 40वीं बैठक दिनांक 19 अगस्त, 2022 में लिए गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।**<br>**निर्णयः**–मा0 कार्य परिषद् की 40वीं बैठक दिनांक 19 अगस्त, 2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या मा0 कार्य परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 3/41 | **नवम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र एवं पदक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**<br>निर्णयः– मा0 कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में दिनांक 08 नवम्बर, 2022 को नवम् दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2021–22 में उत्तीर्ण 1506 (1477+29) विद्यार्थियों को उपाधि/डिप्लोमा/ प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाना है, जिसमें 29 उपाधियाँ भी सम्मिलित हैं, इसके साथ–साथ विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ 150 विद्यार्थियों को मेडल/पदक वितरण किया जाना है। उक्त से संज्ञानित होते हुए मा0 कार्य परिषद् द्वारा 1506 विद्यार्थियों को उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र एवं मेडल प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>इसके अतिरिक्त मा0 कार्य परिषद के सदस्यों को संज्ञानित कराया गया कि विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महामहोपाध्याय पद्म भूषण आचार्य वशिष्ठ त्रिपाठी, अध्यक्ष, काशी विद्वत् परिषद् को सादर आमंत्रित किया गया है, जिस पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 4/41 | **मा0 विद्या परिषद की 25वीं बैठक दिनांक 28 जुलाई, 2022 एवं विद्या परिषद की 26वीं बैठक दिनांक 24 सितम्बर, 2022 में लिए गये निर्णयों पर विचार।**<br>निर्णयः–मा0 विद्या परिषद की सम्पन्न 25वीं बैठक दिनांक 28 जुलाई, 2022 के निर्गत कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए मा0 कार्य परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त मा0 विद्या परिषद की 26वीं बैठक दिनांक 24 सितम्बर, 2022 के निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–14/26 में शिक्षाशास्त्र विभाग को कला एवं संगीत संकाय के अन्तर्गत सम्मिलित किये जाने सम्बन्धी निर्णय को छोड़ते हुए शेष अन्य बिन्दुओं पर लिए गये निर्णयों पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति

| | |
|---|---|
| 5/41 | विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 में लिये गये निर्णय पर विचार। |
| | निर्णयः– विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 में लिए गये निर्णय के निर्गत कार्यवृत्त को अवलोकित करते हुए मा0 कार्य परिषद द्वारा यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 6/41 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु। |
| (1) | विश्वविद्यालय में सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से सेवाएं लिए जाने के सम्बन्ध में। |
| | निर्णयः– विश्वविद्यालय में समय–समय पर उत्पन्न तात्कालिक आवश्यकताओं की दृष्टिगत एवं विभिन्न स्तरों पर प्रदत्त अनुमोदनों के क्रम में, सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से 180 कार्मिकों की सेवाएं प्राप्त किये जाने हेतु मा0 कार्य परिषद की 26वीं बैठक में निर्णय प्रदान किया गया था, जिन्हें बढ़ाये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से पूर्व स्वीकृत 180 कार्मिकों से विस्तारित करते हुए 200 कार्मिकों की सेवाएं सेवा प्रदाता एजेन्सी से लिए जाने हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान किया गया। |
| किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया। | |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो० राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ